दिन– रविवार दिनांक– 01 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा – ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अमेरिका–इजराइल के हवाई हमलों में मौत हो गई है।

02. राज्य सरकार ने उद्योगों की सुरक्षा के लिए नई बटालियन के गठन की घोषणा की।

03. पटना विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव का परिणाम घोषित। अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई के शान्तनु शेखर जीते।

04. और, आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में भारत का सामना आज कोलकाता के ईडन गार्डन में वेस्टइंडीज से होगा।

---

अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अमेरिका–इजराइल के हवाई हमलों में मौत हो गई है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि खामेनेई की मौत ईरानी जनता के लिए अपने देश को वापस लेने का बड़ा अवसर है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि बमबारी पूरे सप्ताह या उससे भी अधिक समय तक जारी रहेगी। ईरानी सरकारी टेलीविजन ने भी अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की पुष्टि की है। संयुक्त अमरीकी और इजराइली हवाई हमलों में ईरान के सैन्य और सरकारी ठिकानों को निशाना बनाया गया। खबरों के अनुसार, हमलों में लगभग चालीस ईरानी अधिकारी भी मारे गए हैं। ईरान में चालीस दिनों के राजकीय शोक की घोषणा की गई है। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, अब–तक करीब दो सौ एक लोगों की मौत हुई है और सात सौ से अधिक लोग घायल हुए हैं।

---

इस बीच, पश्चिम एशिया के विभिन्न देशों में स्थित भारतीय दूतावासों ने भारतीय नागरिकों से क्षेत्रीय स्थिति को देखते हुए जारी सलाहों का पालन करने का आग्रह किया है। इज़राइल स्थित भारतीय दूतावास ने वहां अस्थायी रूप से रह रहे भारतीय नागरिकों से अपनी पिछली सलाह का पालन करने और समय पर सहायता और संचार

की सुविधा के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर पंजीकरण करने का अनुरोध किया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, दूतावास ने कहा कि वह स्थिति से प्रभावित भारतीय समुदाय, जिसमें पर्यटक, अल्पकालिक व्यावसायिक आगंतुक और मीडियाकर्मी शामिल हैं, के साथ लगातार संपर्क में है।

---

उप मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि सरकार उद्योगों की सुरक्षा के लिए नई बटालियन का गठन करेगी। श्री चौधरी ने बक्सर जिले के ब्रहमपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश में औद्योगिकरण का माहौल बन गया है और उद्योगों का जाल बिछाया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा को देखते हुए सरकार ने नई बटालियन के गठन का निर्णय लिया है। वहीं, उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि सभी जिलों में उद्योगों की स्थापना के लिए जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश जिलाधिकारियों को दिया गया है।

---

पथ निर्माण मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि गंगा, सोन, कोसी और गंडक नदी पर बारह नये पुलों के निर्माण का काम जल्द शुरू होगा। उन्होंने कहा कि इन नदियों पर चौदह पुलों के निर्माण का काम जारी है। मंत्री ने कहा कि पुलों के बन जाने से आवागमन आसान होगा और औद्योगिक कार्यों के विकास में भी मदद मिलेगी।

---

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा है कि विधानमंडल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी लोकतंत्र की मजबूती का प्रमाण है। उन्होंने पटना में महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं का उद्‌घाटन करते हुए कहा कि विधायिका और कार्यपालिका के आपसी समन्वय से ही योजनाओं का प्रभावी संचालन संभव है। श्री कुमार ने कहा कि महिला सशक्तिकरण समग्र विकास का आधार है। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि बिहार की बेटियां कला, शिक्षा, राजनीति और प्रशासन समेत हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। इस मौके पर समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी और विधानसभा की प्रभारी सचिव ख्याति सिंह भी मौजूद थीं।

---

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि सरकार ने वस्त्र उद्योग के उन्नयन के लिए अतिरिक्त पंद्रह हजार करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने भिवानी स्थित

वस्त्र और विज्ञान तकनीकी संस्थान में आयोजित ग्लोबल टेक–टेक्सटाइल कॉन्क्लेव में यह बात कही।

–––बाइट–––

दुनिया में कम से कम अभी अगर एक्सपोर्ट की बात करते हैं तो 800 बिलियन डॉलर का पूरे दुनिया में टैक्सटाइल एक्सपोर्ट होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने टेक्निकल टैक्सटाइल को पॉपुलर बनाने का और इनोवेशन के लिए आरएंडडी के लिए डेढ़ हजार करोड़ रूपया टैक्सटाइल डिपार्मेंट को दिया है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आज जन्मदिन है। इस अवसर पर कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत की जा रही है। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि मुख्यमंत्री के जन्मदिन के मौके पर आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले इक्यावन लाख बच्चों को पोशाक वितरित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें दो सेट पोशाक दी जाएगी, जो जीविका दीदियों द्वारा बनाई गयी है। मंत्री ने कहा कि सरकार पोशाक वितरण की शुरूआत पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर और बगहा से करेगी।

---

बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके जन्मदिन पर बधाई दी है। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने संदेश में उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की है।

---

उप मुख्यमंत्री सह नगर विकास एवं आवास मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विभाग को जेम पोर्टल के माध्यम से ही सामाग्री खरीदने का निर्देश दिया है। उन्होंने विभागीय बैठक में बाजार दर से अधिक कीमत पर की गई खरीदारी को गंभीरता से लिया है और जांच के लिए चार सदस्यीय समिति गठित की है। यह समिति जांच के बाद अपनी रिपोर्ट सौंपेगी, जिसके बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

---

पटना विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव, दो हजार छब्बीस के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई के शान्तनु शेखर ने जीत दर्ज की है। और ब्योरा हमारे संवाददाता से–––

–––रिपोर्ट–––

छात्रसंघ चुनाव की मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच देर रात समाप्त हुई। कुल छह राउंड की मतगणना के बाद विभिन्न पदों के विजेताओं की घोषणा की गई। एनएसयूआई के शांतनु शेखर अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए। उन्हें कुल दो हजार एक सौ चौंसठ वोट

मिले। वहीं, उपाध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय सिफत फैज निर्वाचित हुई हैं। उन्हें एक हजार पांच सौ अड़सठ वोट मिले। महासचिव पद पर भी एनएसयूआई की खुशी कुमारी ने जीत हासिल की। उन्हें भी दो हजार एक सौ चौंसठ मत प्राप्त हुए। संयुक्त सचिव पद पर एबीवीपी के अभिषेक कुमार विजयी रहे। अभिषेक कुमार को दो हजार एक सौ तिहत्तर वोट मिले। उन्होंने एनएसयूआई के मुनव्वर आज़म को चार सौ बाईस वोटों से हराया। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

---

होली और रमजान को लेकर राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में सतर्कता बढ़ा दी गयी है। पटना प्रक्षेत्र के आईजी जितेन्द्र राणा ने संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया है कि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर उन क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए। साथ ही ऐसे इलाकों में ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाए। उन्होंने थानाध्यक्षों को सभी संवेदनशील स्थानों की निगरानी का निर्देश दिया है। आईजी ने शराब की तस्करी पर नजर रखने के साथ ही इस धंधे से जुड़े व्यक्ति की पहचान कर गिरफ्तारी का भी निर्देश दिया है। उन्होंने वाहनों की जांच में भी तेजी लाने का निर्देश दिया है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर में चौदह वर्ष की आयु की बालिकाओं के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस, एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने हमेशा महिलाओं की छोटी से छोटी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि एचपीवी टीकाकरण अभियान इसी दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

———बाइट———

मुझे देशभर की बेटियों के लिए एक अहम अभियान शुरू करने का अवसर मिला है। यहां अजमेर से एच.पी.वी. वैक्सीनेशन अभियान शुरू हुआ है। यह अभियान देश की नारी शक्ति को सशक्त करने की दिशा में अहम कदम है।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने राजधानी पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, आईजीआईएमएस में राज्य स्तरीय एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का उद्‌घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत प्रदेशभर की तेरह लाख बच्चियों को एचपीवी का टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भारत सरकार द्वारा अब तक लगभग साढ़े छह लाख टीके उपलब्ध कराए जा चुके हैं, जिन्हें चरणबद्ध तरीके से सभी स्वास्थ्य केंद्रों तक भेजा जा रहा है।

———बाइट———

———————————————————————————

नई दिल्ली स्थित एम्स के निदेशक डॉ. एम. श्रीनिवास ने कहा कि भारत सरकार का एचपीवी टीकाकरण अभियान देश में कैंसर के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। उन्होंने कहा कि यह एक स्वस्थ और मजबूत भारत की दिशा में एक बड़ा कदम भी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में डॉ. श्रीनिवास ने कहा कि किशोरियों को एचपीवी का टीका लगाना केवल एक जन स्वास्थ्य उपाय नहीं है, बल्कि यह भारतीय महिलाओं की भावी पीढ़ी से किया गया वादा है। उन्होंने कहा कि सबसे आसानी से रोके जा सकने वाले कैंसरों में से एक सर्वाइकल कैंसर भारत में हर साल हजारों लोगों की जान लेता है। उन्होंने कहा कि एचपीवी टीकाकरण अभियान एक ऐसा कदम है, जो देशभर की लाखों लड़कियों की रक्षा करेगा।

———————————————————————————

आईसीसी टी—ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में भारत का सामना आज वेस्टइंडीज से होगा। यह मैच शाम सात बजे से कोलकाता के ईडन गार्डन में खेला जाएगा। इस मैच का नतीजा टूर्नामेंट में भारत का भविष्य तय करेगा। वहीं, दूसरा मुकाबला दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के बीच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दोपहर तीन बजे खेला जाएगा।

———————————————————————————

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन अंतरजिला पुरूष सीनियर वनडे चैंपियनशिप का आयोजन कर रहा है। इसके तहत कल खेले गए मुकाबलों में नालंदा, अररिया, रोहतास, समस्तीपुर, बांका, दरभंगा और पश्चिम चंपारण की टीमों ने अपने—अपने मैच जीत लिये। पश्चिम चंपारण की टीम से खेलते हुए शकीबुल गनी ने रिकॉर्ड नाबाद दो सौ उनतालीस रनों की पारी खेली।

———————————————————————————

रांची में खेले गए स्मिता खेलो इंडिया महिला ट्रैक साईकलिंग लीग में बिहार ने तीन स्वर्ण समेत नौ पदक जीते हैं। सुहानी कुमारी ने दो स्वर्ण, जबकि सुप्रिया कुमारी ने एक स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

———————————————————————————

पटना में खेली जा रही रेखा रॉय स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता में मैरबा की टीम ने गर्दनीबाग एथलेटिक क्लब, पटना को सात—एक से हरा दिया।

---

बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने राज्य सरकार को कुम्हार जाति के कल्याण के लिए माटी कला बोर्ड की स्थापना की सलाह दी है। अध्यक्ष की सलाह के आलोक में उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि सरकार माटी कला से जुड़े कारीगरों के कल्याण के लिए कृतसंकल्पित है।

---

पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एस.एम. के निर्देश पर दो मार्च से पटना नगर निगम के सभी छह अंचलों में फिर से अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जाएगा। अभियान में विभिन्न विभागों और एजेंसी की टीमें शामिल होंगी।

---

अररिया में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आठ मार्च से चौदह मार्च तक मधुबनी चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन कला एवं संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में होगा।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने ईरान पर हमले से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है – ईरान, इजराईल और अमेरिका की मिसाइलों से मध्यपूर्व दहला।

दैनिक जागरण ने इसी खबर पर लिखा है – पश्चिमी एशिया में महासंग्राम।

दैनिक भास्कर ने पटना विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव परिणाम का शीर्षक लगाया है – छात्र जनादेश... शांतनु अध्यक्ष। सेंट्रल पैनल में एनएसयूआई–एबीवीपी को दो–दो पद, एक पद पर निर्दलीय की जीत।

प्रभात खबर की सुर्खी है – नेहरू पथ और जे.पी. गंगा पथ के बीच होगी सीधी कनेक्टिविटी।

राष्ट्रीय सागर लिखता है – बिहार के छह शहरों में बनेंगे आधुनिक ई–बस डीपो।

आज अखबार की सुर्खी है – एक करोड़ पंद्रह लाख बेटियों को लगेगा एचवीपी का फ्री टीका।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा – ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अमेरिका–इजराइल के हवाई हमलों में मौत हो गई है।

02. राज्य सरकार ने उद्योगों की सुरक्षा के लिए नई बटालियन के गठन की घोषणा की।

03. पटना विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव का परिणाम घोषित। अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई के शान्तनु शेखर जीते।

04. और, आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में भारत का सामना आज कोलकाता के ईडन गार्डन में वेस्टइंडीज से होगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।